## संक्षिप्त खबरें

### सीएचसी में प्रशिक्षण के दौरान युवती लापता, पिता ने दो युवकों पर अपहरण का आरोप लगाकर एफआईआर की मांग की

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रशिक्षण कर रही एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने थाना महराजगंज में तहरीर देकर दो युवकों पर अपहरण का आरोप लगाया है और एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना महराजगंज क्षेत्र के ग्राम जरैला निवासी हरिकेश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री अर्चना देवी 23 जून 2026 को महराजगंज सीएचसी में प्रशिक्षण के लिए गई थी। आरोप है कि उसी दिन सुबह करीब 11 बजे वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। तहरीर में हरिकेश यादव ने नारेंदी का पुरवा, मजरे रुस्तमपुर (थाना मिल एरिया) निवासी मुकेश यादव और बृजेन्द्र यादव पर पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी थी। मामले में थाना प्रभारी जगदीश यादव ने बताया है कि मुकदमा दर्ज किया गया है जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बिसवां क्षेत्र को देश की पहली रूरल फिल्म इंडस्ट्री के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा:-फिल्म निर्माता निशांत कौशिक



**बिसवां (सीतापुर)।** फिल्म निर्माता-निर्देशक निशांत कौशिक ने कहा कि बिसवां क्षेत्र को देश की पहली 'रूरल फिल्म इंडस्ट्री' के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इस पहल से क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को बड़े पर्दे पर पहचान मिलने के साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अर्जुनगढ़ कन्दुनी में शरद चौधरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निशांत कौशिक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान उन्हें यहां फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं दिखाई दी हैं। प्राकृतिक लोकेशन, स्थानीय संस्कृति और स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा बिसवां को फिल्म शूटिंग के लिए बेहद उपयुक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि आगामी दो से तीन माह के भीतर क्षेत्र में फिल्मों की शूटिंग शुरू करने की योजना है। उनके होम प्रोडक्शन के बैनर तले पूर्व में फिल्म 'कागज' की शूटिंग भी इस क्षेत्र में हो चुकी है। अब अन्य फिल्म निर्माताओं को भी बिसवां लाकर यहां फिल्म निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। निशांत कौशिक ने बताया कि अरिंजय फिल्म्स और निशांत कौशिक फिल्म्स के संयुक्त बैनर तले क्षेत्र में फिल्मों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और अन्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में समाजसेवी शरद चौधरी, अरिंजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।


## सूचना

मैं रविन्द्र कुमार यादव, पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद, निवासी ग्राम/पोस्ट- भोजपुर थारू, कोतवाली गैसड़ी, तहसील तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र और हाईस्कूल का प्रमाण पत्र (उत्तीर्ण वर्ष-2010, अनुक्रमांक-2302810, किसान इंटर कॉलेज, गनेशपुर) तथा इंटरमीडिएट का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र (उत्तीर्ण वर्ष-2012, अनुक्रमांक-1694551, लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, पचपेड़वा, तहसील तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर) गैंसड़ी चौराहे के पास वास्तव में कही खो गया है , काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चल सका।

**रविन्द्र कुमार यादव पुत्र -**
श्री अयोध्या प्रसाद ग्राम/पोस्ट - भोजपुर थारू, कोतवाली गैसड़ीतहसील - तुलसीपुर, जनपद - बलरामपुर (उ.प्र.)मोबाइलः 9005736958


# तेजाब पीड़ितों के सम्मानजनक जीवन की पहल

● एसिड अटैक सर्वाइवर की समग्र सहायता एवं पुनर्वास नीति-2026 का प्रस्ताव तैयार

चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, कानूनी सहायता और सामाजिक पुनर्स्थापन पर रहेगा विशेष फोकस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार के महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा तेजाब हमले (एसिड अटैक) से प्रभावित सर्वाइवरों को सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ष्एसिड अटैक (तेजाब हमला) सर्वाइवर की समग्र सहायता एवं पुनर्वास नीति-2026 का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह नीति केवल आर्थिक सहायता तक सीमित न रहकर सर्वाइवरों के संपूर्ण पुनर्वास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल है। तेजाब हमला मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध है, जिसके कारण पीड़ित व्यक्ति को न केवल गंभीर शारीरिक क्षति का सामना करना पड़ता है, बल्कि मानसिक आघात, सामाजिक बहिष्कार, शिक्षा एवं रोजगार में कठिनाइयों तथा आर्थिक असुरक्षा जैसी अनेक चुनौतियों से भी जूझना पड़ता है। ऐसे में राज्य सरकार का प्रयास है कि सर्वाइवरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराया जाए। प्रस्तावित नीति के अंतर्गत तेजाब हमला सर्वाइवरों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा एवं पुनर्निर्माण उपचार, दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग, मनोसामाजिक परामर्श, कानूनी सहायता, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की व्यापक व्यवस्था की गई है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर सहायता सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने पर भी विशेष बल दिया गया है। यह नीति सर्वाइवर-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित होगी, जिसमें विभिन्न विभागों, संस्थाओं तथा हितधारकों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से एक प्रभावी कार्यप्रणाली विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य केवल पीड़ितों को सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए समाज में सम्मानजनक पुनर्स्थापन सुनिश्चित करना है। उत्तर प्रदेश सरकार का मानना है कि किसी भी सर्वाइवर का पुनर्वास केवल आर्थिक सहायता से संभव नहीं है, बल्कि उसे चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक स्वीकार्यता और मानसिक संबल जैसे सभी आवश्यक आयामों में सहयोग प्रदान करना उतना ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ तैयार की गई यह प्रस्तावित नीति तेजाब हमला सर्वाइवरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग का यह प्रयास राज्य सरकार की संवेदनशील एवं समावेशी शासन व्यवस्था का परिचायक है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक सर्वाइवर को गरिमा, सुरक्षा, समान अवसर और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना है।

**सम्पर्क सूत्र- लाल कमल**

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने हेतु ग्रीन-फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए 75 करोड़ रुपये जारी



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने हेतु प्रस्तावित ग्रीन-फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में पचहत्तर करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। यह धनराशि कुल 200 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान में से स्वीकृत की गई है। शासन द्वारा यूपीडा को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल वास्तविक आवश्यकता के अनुसार किया जाए तथा किसी भी स्थिति में इसे अग्रिम रूप से आहरित कर बैंक अथवा अन्य खाते में एकमुश्त न रखा जाए। साथ ही परियोजना पर अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ करने से पूर्व सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुमोदन सक्षम स्तर से नियमानुसार प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाएगा।

**सम्पर्क सूत्र- सरिता वर्मा**

## बाढ़ सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: स्वतंत्र देव सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में प्रदेश की बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाओं तथा जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संचालित नालों की सफाई के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं ने प्रस्तुतिकरण एवं वीडियो के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित कार्यों की प्रगति से मंत्री जी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जलशक्ति मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़ से बचाव के लिए संचालित प्रत्येक परियोजना निर्धारित समयसीमा एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि वर्षा के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव अथवा बाढ़ जैसी परिस्थितियों से आमजन को न्यूनतम कठिनाई हो और इसके लिए विभागीय अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश की अधिकांश बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाओं के कार्य पूर्ण अथवा सुरक्षित स्तर तक पूर्ण किए जा चुके हैं। साथ ही, 30 जून तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नालों की सफाई का कार्य भी अधिकांश क्षेत्रों में पूरा कर लिया गया है। इस पर जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि जहां कार्य समय से पूरे हुए हैं, वहां उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा के दौरान उनका प्रभावी परिणाम दिखाई दे।स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं अथवा नालों की सफाई के कार्य अभी शेष हैं, उन्हें अगले एक सप्ताह के भीतर युद्धस्तर पर दिन-रात अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की नियमित निगरानी करें। जलशक्ति मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्य अभियंता अपने क्षेत्र में कराए गए उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण एवं जनहितकारी कार्यों का विस्तृत संकलन तैयार कर विभागीय मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कार्यप्रणालियों को अपनाया जा सके और विभाग की सकारात्मक उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाढ़ प्रबंधन एवं जल संसाधनों के सुदृढ़ विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विभाग का प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि सभी बाढ़ सुरक्षा तटबंध, सुरक्षात्मक संरचनाएं एवं जल निकासी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से कार्यशील रहें, जिससे वर्षाकाल में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**सम्पर्क सूत्र- इंजेश सिंह**

## राजकीय आईटीआई अलीगंज में मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के तहत कैंपस ड्राइव का आयोजन



●लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद 109 में से 45 अभ्यर्थियों का चयन, 13000 से 25000 रुपये मिलेगा वेतन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत मंगलवार को संस्थान परिसर में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में डीसीएम श्रीराम शुगर, हरदोई में ट्रेनी, डेसकॉन इंफ्रा लि., लखनऊ में अप्रेंटिस, एम.एच. सलूशन में सोलर साइट इंजीनियर तथा एयरटेल में विभिन्न पदों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। प्रधानाचार्य ने कंपनी के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को चयनित करने के लिए कहा तथा अभ्यर्थियों को चयन के उपरांत ज्वाइन करने के लिए प्रेरित भी किया। प्लेसमेंट ऑफिसर एम.ए. खाँ ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 109 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत कुल 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 13000/- रुपये से 25000/- रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। रोजगार मेले को सफल बनाने में अनुदेशक मकबूल कादिर, जेड रहमान तथा ग्रे सिम लर्निंग्स फाउंडेशन के स्टाफ ने सहयोग किया।


**सम्पर्क सूत्र- धर्मवीर खरे**

## बाबा साहेब का अस्थिकलश सुरक्षित,अस्थि कलश स्थानांतरण संबंधी खबरें भ्रामक एवं तथ्यहीन

● बाबा साहेब की विरासत के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध-जयवीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थिकलश को लेकर विभिन्न माध्यमों में प्रसारित हो रही चर्चाओं के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विधानभवन के समक्ष स्थित आम्बेडकर महासभा परिसर में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थिकलश के संबंध में संस्कृति विभाग अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का स्थानांतरण संबंधी निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्थिकलश अपने वर्तमान स्थान पर पूरी गरिमा के साथ यथावत सुरक्षित है और इसे स्थानांतरित किए जाने संबंधी समाचार पूरी तरह भ्रामक एवं तथ्यहीन हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि सरकार का पूरा ध्यान भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृतियों, विचारों और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन पर केंद्रित है। इसी उद्देश्य से लखनऊ स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, ऐशबाग का चरणबद्ध तरीके से विकास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहेब से जुड़े सभी स्थलों को गरिमापूर्ण स्वरूप देने और उन्हें सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ऐशबाग में निर्माणाधीन लगभग 16.20 करोड़ रुपये की लागत से स्मारक परिसर के बाह्य विकास, फसाड और हॉर्टीकल्चर से जुड़े कार्य तेजी से चल रहे हैं। परियोजना की भौतिक प्रगति करीब 85 प्रतिशत हो चुकी है। बाउंड्रीवाल, स्टोन क्लैडिंग, तीन गेटों एवं तीन गार्ड रूम के स्ट्रक्चर, तोरण द्वार तथा प्रतिमा के पैडेस्टल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मुख्य प्रवेश द्वार का अधिकांश कार्य भी पूर्ण हो गया है, जबकि आंतरिक मार्ग, ड्रेनेज सिस्टम, म्यूरल वर्क और उद्यान विकास के शेष कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त लगभग 43.69 करोड़ रुपये की लागत से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के मुख्य निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके अंतर्गत कार्यालय भवन, बेसमेंट, प्रतिमा हेतु फाउंडेशन, सब-स्टेशन, पम्प रूम, गार्ड रूम, आंतरिक सड़क, सीवर लाइन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराया गया है। वहीं लगभग 44.43 करोड़ रुपये की लागत से 500 सीट क्षमता वाले अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं ऑडिटोरियम की आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना की लगभग 90 प्रतिशत भौतिक प्रगति हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के संग्रहालय के आंतरिक विकास कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। यह कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन द्वारा कराया गया, जिसकी 100 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। इस परियोजना पर लगभग 3.24 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं, जिससे संग्रहालय को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। इस परियोजना को 31 जुलाई 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर देश के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के




प्रतीक हैं। उनके सम्मान और स्मृतियों से जुड़े प्रत्येक प्रकरण में प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अस्थिकलश के संबंध में किसी भी प्रकार की अपुष्ट अथवा भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। सरकार बाबा साहेब की विरासत के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के विकास कार्य भी निर्धारित योजना के अनुसार निरंतर जारी हैं।

**सम्पर्क सूत्र- केवल**

# 39,571 करोड़ निवेश से यूपी डिफेंस कॉरिडोर बना रक्षा विनिर्माण का हब

● 13,486 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर, 9 विनिर्माण इकाइयां हुईं संचालित, 65 कंपनियों को भूमि आवंटन

कानपुर, झांसी और लखनऊ निवेश में अग्रणी, उत्तर प्रदेश बन रहा भारत का रक्षा विनिर्माण हब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** रक्षा विनिर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता और उत्तर प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विज़न को नई उड़ान दे रहा है उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा विकसित डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी)। वर्ष 2018 में स्थापित यह कॉरिडोर आज देश का सबसे बड़ा डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनकर उभरा है, जहां 39,571 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट सहित छह रणनीतिक नोड्स में विकसित हो रहे इस कॉरिडोर ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। परियोजना के लिए अधिग्रहित 2,095 हेक्टेयर भूमि में से 1,141.79 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की जा चुकी है। यूपीडीआईसी के मुख्य महाप्रबंधक कर्नल संजय सिंह ने बताया कि अब तक 65 कंपनियों को रक्षा एवं संबद्ध विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है, जो उत्तर प्रदेश के निवेश-अनुकूल औद्योगिक वातावरण में उद्योगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि लगभग 13,486 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनसे करीब 15,300 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इससे राज्य की रक्षा विनिर्माण क्षमता को भी नई मजबूती मिलेगी। निवेश के मामले में कानपुर नोड सबसे आगे है, जहां सर्वाधिक 12,948 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके बाद झांसी (12,190 करोड़), लखनऊ (4,850.67 करोड़), अलीगढ़ (4,581 करोड़), चित्रकूट (4,392 करोड़) और आगरा (?607 करोड़) का स्थान है। औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि यह है कि वर्तमान में कानपुर, लखनऊ और अलीगढ़ में तीन-तीन फैक्ट्रियों सहित कुल नौ विनिर्माण इकाइयों में व्यावसायिक उत्पादन भी शुरू हो चुका है। कॉरिडोर की प्रमुख उपलब्धियों में अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा कानपुर में 1,500 करोड़ के निवेश से स्थापित देश के सबसे बड़े गोला-बारूद (अम्यूनिशन) निर्माण संयंत्र में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। इसके अलावा, अलीगढ़ नोड में वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड ने 65 करोड़ के निवेश से छोटे हथियारों (स्मॉल आर्म्स) का उत्पादन शुरू किया है, जबकि नित्या क्रिएशन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 12 करोड़ की लागत से प्रिसिजन आर्म्स कंपोनेंट्स और श्रीधा उद्योग ने 3.70 करोड़ के निवेश से प्रिसिजन कंपोनेंट्स का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। वहीं, एमिटेक ने भी 330 करोड़ के बड़े निवेश के साथ अपना स्पेस पोर्ट स्टेशन सफलतापूर्वक संचालित कर राज्य के डिफेंस इकोसिस्टम में एक नया अध्याय जोड़ा है। जबकि लखनऊ उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी एवं एयरोस्पेस का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां एरोलॉय टेक्नोलॉजीज ने 320 करोड़ के निवेश से टाइटेनियम कास्टिंग का उत्पादन शुरू किया है। वहीं ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने 300 करोड़ की लागत से स्थापित अपनी इकाई में ब्रह्मोस एनजी मिसाइल प्रणाली के उत्पादन एवं असेंबली का कार्य प्रारंभ कर दिया है। संकल्प सेफ्टी सॉल्यूशंस ने 14 करोड़ के निवेश से सुरक्षा उपकरण एवं विशेष वस्त्रों का निर्माण शुरू किया है। कानपुर में ए.आर. पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 48 करोड़ के निवेश से बैलिस्टिक सामग्री और सुरक्षा उपकरणों का उत्पादन शुरू किया है, जबकि अधुनिक मैटेरियल्स एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने 38.58 करोड़ के निवेश से रक्षा क्षेत्र के लिए विशेष टेक्सटाइल का निर्माण प्रारंभ किया है। मजबूत निवेश, तीव्र गति से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे तथा विभिन्न नोड्स पर उत्पादन शुरू होने के साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर देश के सामरिक विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह कॉरिडोर रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**सम्पर्क सूत्र- सरिता वर्मा**

## 5 वर्षों की उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवा के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हरेन्द्र सिंह को भावभीनी विदाई





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकास खंड मोहनलालगंज सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हरेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्ति समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की। बीडीओ शिवकुमार ने बताया कि हरेन्द्र सिंह ने अपने पूरे सेवा काल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सहज, सरल और सहयोगात्मक व्यवहार सदैव अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन के बीच सम्मान का विषय रहा। उनके कार्यकाल में कार्यालय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। समारोह में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, अध्यक्ष प्रधान संघ देवेन्द्र सिंह, निगोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, खंड विकास अधिकारी शिव कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अशोक यादव, प्रधान अभय कांत दीक्षित, सूर्य कुमार द्विवेदी, अभिषेक दीक्षित, शैलेंद्र पाल, सुरेश कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने उनके प्रशासनिक अनुभव, कार्यशैली और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। कार्यालय परिवार की ओर से मोहित दीक्षित, अभिषेक सिंह, शुभम मिश्रा, संदीप यादव, शशांक शुक्ला सहित समस्त कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में हरेन्द्र सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा काल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह को वह जीवनभर नहीं भूलेंगे तथा अपने अनुभवों और मधुर स्मृतियों को हमेशा संजोकर रखेंगे।

## अनियंत्रित बोलेरो ने स्कूटी सवार दंपति को कुचला, पति की मौत, पत्नी गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली रोड पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निकट सोमवार देर शाम तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया। सरेनी थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी नियाज खान (45) पुत्र सज्जाद अपनी पत्नी चांदनी बानो के साथ स्कूटी से रायबरेली जा रहे थे। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के पास सामने से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने नियाज खान को मृत घोषित कर दिया। चांदनी बानो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि नियाज खान विदेश में सिलाई का काम करते थे। वह एक माह पहले ही घर लौटे थे। परिवार रायबरेली में रहता है। मुहर्रम के अवसर पर वह पत्नी के



साथ गांव आए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया। नियाज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बड़े बेटे आकिब, छोटे बेटे फहद और बेटी रक्शी खान का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वाहन को कब्जे में लिया गया है।

## सार्वजनिक नाली से हटा अतिक्रमण एक दर्जन परिवारों को मिली राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र के करौंधिया मजरे रजौली गांव में मंगलवार को प्रशासन ने सार्वजनिक नाली पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया। इससे गांव के एक दर्जन से अधिक परिवारों की जल निकासी की समस्या दूर हो गई। ग्रामीण अर्चना पत्नी लक्ष्मण सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी को सामूहिक शिकायती पत्र देकर बताया था कि गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान सार्वजनिक नाली को पाट दिया था। इससे बारिश और घरों का पानी निकलना बंद हो गया था। ग्रामीण लंबे समय से परेशानी झेल रहे थे। शिकायत के बाद जिलाधिकारी के



निर्देश पर प्रशासन ने कार्रवाई की। नायब तहसीलदार सरेनी के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची। राजस्व निरीक्षक रामशरण, लेखपाल मोहित चौधरी, अमर बहादुर, दीपक कुमार और सौरभ वर्मा की मौजूदगी में नाली से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया।तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सार्वजनिक नाली को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। अब गांव में पानी का निकास सुचारु हो सकेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को मारी जोरदार टक्कर छः लोग गंभीर रूप से घायल

**सीतापुर-** बिसवां- लहरपुर मार्ग पर मारुति प्लाईवुड फैक्ट्री के निकट मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने परसेवरा तालगांव निवासी अशफाक पुत्र इश्तियाक, मिलकापुर थाना लहरपुर निवासी कमलेश पुत्र सूर्य प्रताप, हीरापुर तालगांव निवासी प्रमिला पत्नी प्रमोद, हीरापुर तालगांव निवासी हरदेई पत्नी हरकिशन तथा तीरथपुर लहरपुर निवासी गीता देवी पत्नी कमलेश वर्मा को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया।

